**NEWS CLIPPING: 21.05.2021**

**HINDUSTAN**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी देगी प्रोग्रामिंग भाषा का ज्ञान

## आयोजन

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद का गणित विभाग शुक्रवार को मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम लांच करेगा। छात्रों के लिए कंप्यूटर प्रोग्रामिंग भाषाओं और गणित में इसके अनुप्रयोग का बुनियादी ज्ञान प्रदान करने के लिए दो सप्ताह का एक मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम आयोजित होगा। जिसका शीर्षक गणितीय अनुप्रयोगों को सीखने के लिए एक संवादात्मक दृष्टिकोण है।

विभाग की अध्यक्षा डॉ. नीतू गुप्ता ने बताया कि पाठ्यक्रम का उदघाटन 21 मई, 2021 को एआईसीटीई के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कंसल करेंगे और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार अध्यक्षता करेंगे।

यह पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय केछात्रों शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए सीमित भागीदारी के साथ ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम को प्रतिष्ठित संस्थानों के संकाय सदस्य संबोधित करेंगे।

## मीडिया की बात- आपके साथ विषय पर वेबिनार होगा

फरीदाबाद। जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद का कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग छात्रों के लिए मीडिया की बात-आपके साथ वेबिनार का आयोजन करेगा। यह आयोजन एक साप्ताहिक श्रृंखला के रूप में चल रहा है, जिसका दूसरा वेबिनार 21 मई को आयोजित होगा। इस वेबिनार में मुख्य वक्ता कुछ प्रमुख मीडियाकर्मी रहेंगें। वेबिनार की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार करेंगे। वेबिनार का आयोजन फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट एंड मीडिया स्टडीज के डीन एवं अध्यक्ष प्रोफेसर अतुल मिश्रा की देखरेख में किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 21.05.2021**

## THE PIONEER

# मीडिया की बात : आपके साथ वेबिनार में अंसारी करेंगे संवाद

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए 'मीडिया की बात - आपके साथ' वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एक साप्ताहिक श्रृंखला के रूप में चल रहा है, जिसका दूसरा वेबिनार 21 मई को आयोजित होगा। वेबिनार में मुख्य वक्ता एक चैनल के प्रसिद्ध टीवी एंकर सईद अंसारी होंगे। अंसारी विद्यार्थियों से टीवी जगत की पत्रकारिता के संबंध में बात करेंगे और अपने विचार रखेंगे। वेबिनार की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार करेंगे। वेबिनार का आयोजन फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट एंड मीडिया स्टडीज के डीन एवं अध्यक्ष प्रोफेसर अतुल मिश्रा की देखरेख में किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 21.05.2021**

**THE PIONEER**

# दो सप्ताह का मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के गणित विभाग द्वारा विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग भाषाओं और गणित में इसके अनुप्रयोग का बुनियादी ज्ञान प्रदान करने के लिए दो सप्ताह का एक मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसका शीर्षक गणितीय अनुप्रयोगों को सीखने के लिए एक संवादात्मक दृष्टिकोण है। विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीतू गुप्ता ने बताया कि पाठ्यक्रम का उद्घाटन 21 मई, 2021 को एआईसीटीई के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कंसल करेंगे और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। यह पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए सीमित भागीदारी के साथ ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम को प्रतिष्ठित संस्थानों के संकाय सदस्य संबोधित करेंगे।

**NEWS CLIPPING: 21.05.2021**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए में दो सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के गणित विभाग द्वारा विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग भाषाओं और गणित में बुनियादी ज्ञान प्रदान करने के लिए दो सप्ताह का एक मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विभाग की अध्यक्षा डॉ. नीतू गुप्ता ने बताया कि पाठ्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को एआईसीटीई के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कंसल करेंगे और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 21.05.2021**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में दो सप्ताह का मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम

फरीदाबाद, 20 मई (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के गणित विभाग द्वारा विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग भाषाओं तथा गणित में इसके अनुप्रयोग का बुनियादी ज्ञान प्रदान करने के लिए दो सप्ताह का एक मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसका शीर्षक गणितीय अनुप्रयोगों को सीखने के लिए एक संवादात्मक दृष्टिकोण है। विभाग की अध्यक्षा डॉ. नीतू गुप्ता ने बताया कि पाठ्यक्रम का उद्घाटन 21 मई, 2021 को एआईसीटीई के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कंसल करेंगे और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। यह पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए सीमित भागीदारी के साथ ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम को प्रतिष्ठित संस्थानों के संकाय सदस्य संबोधित करेंगे।